अति आवश्यक
निजी ध्यानार्थ

संख्या: ई.डी.एन.सी.एच.एम.(एस.सी.एच.)एफ(10)/2023-24-PM-YASASVI प्री-मैट्रिक OBC/EBC/DNT-5148
कार्यालय उप-निदेशक उच्च शिक्षा चम्बा, ज़िला चम्बा हि.प्र.

दिनांक चम्बा 3 फरवरी, 2025

सेवा में,

1) समस्त प्रधानाचार्य/ मुख्याध्यापक
राजकीय / निजी वरिष्ठ माध्यमिक/ उच्च पाठशालाएं
ज़िला चम्बा हि.प्र. ।

विषय:- **शैक्षिक वर्ष 2023-24 में केंद्र तथा राज्य प्रायोजित PM-YASASVI प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक OBC/EBC/DNT छात्रवृति योजनाओ के अंतर्गत छात्रवृति जारी करने के लिए छात्रों के बचत बैंक खाते के साथ आधार को सीड (Seeding of Bank Account with Aadhaar) बारे ।**

मंयोदय,

उपरोक्त विषय के बारे में सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के PM-YASASVI प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक OBC/EBC/DNT छात्रवृति योजना के अंतर्गत लंबित मामलों को अतिशीघ्र निपटाने का निर्देश दिया गया है ।

इस संदर्भ में, पहले भी कई बार निर्देश जारी किये गये हैं कि विद्यार्थियों के बैंक खाते आधार नंबर से सीड न होने के कारण विभाग द्वारा उन्हें छात्रवृति जारी नहीं की जा सकी है । अत: विद्यार्थियों के बैंक खाते को आधार से सीड करने बारे दिशा-निर्देश व सहायता प्रदान करने की कृपा करें । इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को उनके बचत बैंक खाते को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खोलने हेतु परामर्श दिया जा सकता है, क्योंकि भारतीय डाक भुगतान बैंक के पास विशेष रूप से ग्रामीण, दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में विशाल नेटवर्क क्षमता है तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा सभी खाते आधार सीड खोले जा रहे हैं ।

उपरोक्त के मददेनजर, समस्त प्रधानाचार्य/ मुख्याध्यापक राजकीय / निजी वरिष्ठ माध्यमिक/ उच्च पाठशालाएं जिला चम्बा को निर्देश दिए जाते है कि वह ऐसे विद्यार्थी जिन्हें प्री-मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक PM-YASASVI छात्रवृति योजनाओ के अंतर्गत शैक्षिक वर्ष 2023-24 की छात्रवृति प्राप्त नहीं हुई है, इन विद्यार्थियों के बैंक खाते को आधार के साथ सीड करने हेतु उनके अभिभावकों अथवा संरक्षकों से बात करें तथा उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करें , ताकि PM-YASASVI प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक OBC/EBC/DNT छात्रवृति योजना के अंतर्गत लंबित मामलों का अतिशीघ्र निपटारा हो सके । जिला चम्बा के विद्यार्थियों की सूची संलग्न की जा रही है ।

आपका सहयोग छात्रों के हित में अपेक्षित है और इसे अति आवश्यक समझें।

उप-निदेशक उच्च शिक्षा चम्बा,
जिला चम्बा हि.प्र. ।